Class No. : ....

Name : ....

FSE 05

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EVALUATION, DECEMBER 2019

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

मैं न बोला, किंतु, मेरी रागिनी बोली,
चांद ! फिर से देख, मुझको जानता है तू ?
स्वप्न मेरे बुलबुले हैं ? है यही पानी ?
आग को भी क्या नहीं पहचानता है तू !
मैं न वह जो स्वप्न पर केवल सही करते,
आग में उसको गला लोहा बनाती हूँ,
और उसपर नींव रखती हूँ नए घर की,
इस तरह, दीवार फ़ौलादी उठाती हूँ ।

1. इस कवितांश के रचयिता कौन है ? (1)

(जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह दिनकर, चंद्रकांत देवताले)

Score

(1)

2. कवि के लिए कौन बोलने लगी ?

(6)

3. प्रगतिवाद की विशेषताओं के आधार पर कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें ।

(8×1=8)

4. सही मिलान करें ।

a) Editing	a) संसाधन
b) Share	b) अनचाहा
c) Resource	c) श्रेणियाँ
d) Input	d) गोपनीयता
e) File	e) ईक्षण
f) Spam	f) साझा करें
g) Privacy	g) संचिका
h) Categories	h) अंतपति

सूचना : निम्नलिखित 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।

(3×2=6)

5. "मैं कैसे अपनी दुकान खुली रख सकता हूँ ?" - यहाँ लोगों की मनोवृत्ति में कौन-सा परिवर्तन आया है ?

6. "जो दिल खोजौं आपना, मुझ-सा बुरा न कोय" - अपना दिल खोजने पर कबीर को क्या पता चला ?

7. "और उसे नज़दीक से देखकर मैंने कुछ मन ही मन और ज़ोर से कहा, "ब्यूटीफुल"! - क्लर्क का चेहरा प्रसन्नता से क्यों खिल उठा ?

Score

8. "जिनपर वे दोनों
ज़िंदगी के सपने बुन रहे हैं" –
वे दोनों कौन–कौन हैं ?

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखें । **(4×4=16)**

9. निम्नलिखित दोहा पढ़ें और दोहे का आशय स्पष्ट करें ।

दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।।

10. 'जुलूस' नाट्यरूपांतर के मैकू के ये कथन पढ़ें ।

- मर तो हम लोग रहे, जिनकी रोटियों का ठिकाना नहीं !
- हमारा बड़ा आदमी तो वही है जो लंगोटी बाँधे नंगे पाँव घूमता है ।
- अब तो भाई, रुका नहीं जाता .... मैं भी जुलूस में शामिल होऊँगा ....

इन कथनों के आधार पर मैकू के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

11. निम्न जीवनवृत्त के आधार पर चंद्रकांत देवताले के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन–वृत्त

नाम	:	चंद्रकांत देवताले
जन्म	:	7 नवंबर, 1936
जन्मस्थान	:	बैतूल ज़िला, मध्यप्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	पत्थर की बैंच, उसके सामने, दीवारों पर खून से
पुरस्कार	:	माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार, सृजन भारती सम्मान
विशेषताएँ	:	समकालीन कविता के सशक्त हस्ताक्षर

Score

12. आनंद की फुलझड़ियाँ निबंध का अंश पढ़ें।

"मैं ने सहानुभूति दर्शाई तो उसका हृदय मोम-सा हो गया और उसने केवल मुझे ही नहीं बल्कि दूसरों को भी जल्दी-जल्दी टिकट देना शुरू किया। सहानुभूति के उन थोड़े से शब्दों ने उसे नई ताकत दी।"

सच्चे हृदय से निकलनेवाले शब्दों का असर दूसरों को सांत्वना देता है। इस घटना के आधार पर अपना विचार प्रकट करें।

13. इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला

"पत्थर की बैंच" का कवि आशंकित है। समकालीन सामाजिक संदर्भ के आधार पर कवितांश का विश्लेषण करें।

सूचना : 14 से 18 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।

(3×6=18)

14. अमेरिका के प्रेसिडेंट बेंजमिन फ्रैंकलीन के पास एक गरीब विद्यार्थी मदद माँगने के लिए आया। 'आनंद की फुलझड़ियाँ' नामक निबंध के आधार पर दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

- विद्यार्थी द्वारा मदद माँगना।
- सालों बाद रकम लौटाना।
- जरूरतमंदों की सहायता करने का निर्देश देना।

15. निम्नलिखित अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें।

Sajan : Which period is it now ?
Sonu : Now it is Hindi.
Sajan : Yesterday teacher showed us a Hindi film 'Black'.
Sonu : How was it ?
Sajan : It was interesting and was about Helen Keller.
Sonu : Will you please tell me the story.
Sajan : Wait, our teacher will show you the film in the next class.
Sonu : Ok, Thank you.

(Period = कालांश, interesting = दिलचस्प, wait = ठहरो)

Score

16. ''एक वृद्ध संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से सफ़र कर रही थी । वे खिड़की के पास बैठकर, बीच-बीच में, अपनी मुट्ठी से कुछ चीज़ बाहर फेंकती जा रही थी ।''

उस दिन रेलगाड़ी में हुई घटना को सहयात्री ने अपनी डायरी में लिखा । उसकी डायरी कल्पना करके लिखें ।

- महिला से मुलाकात
- रेलगाड़ी से फलों और फूलों के बीज फेंकना
- लोगों को फ़ायदा
- मानव-प्रेम

17. ''पाठ एक-सभी खेतों में'' – छात्रों के लिए कृषि विभाग द्वारा स्कूलों में आयोजित कृषि विज्ञान का नया पाठ ।

- हमारा धान-हमारा खाना
- खेतों का संरक्षण
- कृषि विभाग और सामान्य शिक्षा विभाग का संयुक्त कार्यक्रम

अपने स्कूल में इसका उद्घाटन शिक्षा मंत्री करनेवाला है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

18. 'जुलूस' नाटक का मंचन स्कूल युवजनोत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किया । इस नाटक के अभिनेता रमेश नाटक के बारे में अपने मित्र राहुल को एक पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

Score

सूचना : निम्नलिखित खण्ड पढ़ें और 19 और 20 प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

एक बूढ़ा आदमी, जिसके बाल सफ़ेद हो गए थे, ज़मीन खोद रहा था । एक नौजवान ने, जो वहाँ से गुज़र रहा था, उस बुजुर्ग को परिश्रम करते देख पूछा, ''बाबा यह क्या कर रहे हो ?'' ''आम की गुठलियाँ बो रहा हूँ'' बूढ़े ने कहा । ''इस उम्र में ? इसके फल कब खाओगे, बाबा ?'' नौजवान ने पूछा । ''मैं फल नहीं खा सकता तो क्या हुआ बेटा, तुम तो खा सकोगे ? मेरे-तुम्हारे नाती-पोते तो खाएँगे ? देखो, यह अमराई मेरे दादा ने लगाई थी तो उसके फल मैं ने खाए । इसके फल मेरे नाती-पोते खाएँगे'' ।

19. बूढ़े आदमी क्या बो रहे हैं ? (2)

20. खंड का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । (6)

सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । **(2×8=16)**

21. सूचकों की सहायता से किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- फिल्म का कथासार
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन
- निदेशक की भूमिका
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

22. ये सुर्खियाँ पढ़ें ।

कड़े यातायात नियमों का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है ।
यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए कठोर दंड ।
सड़क दुर्घटनाओं में अभी भी सबसे ज्यादा मौतें होती हैं ।
यातायात नियमों के उल्लंघन करनेवालों के खिलाफ़ सख्त कारवाई ।

यातायात नियमों के उल्लंघन करनेवालों के खिलाफ़ सरकार द्वारा की गई कारवाईयों की सूचना पाने के लिए सजीव चंद्रन, CT-47, चंद्र सदन, कोल्लम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, सड़क परिवहन मंत्रालय, केरल सरकार के नाम पर सूचना का अधिकार पत्र तैयार करें ।

23. ''आनंद की फुलझड़ियाँ'' निबंध का लेखक आत्मकथा लिखता है। आत्मकथा में टिकट बाबू के प्रसंग का उल्लेख है। निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर आत्मकथांश तैयार करें। **Score**

- लेखक का मुंबई आना।
- टिकट काऊंटर के पास भीड़ लगना।
- टिकट बाबू का परेशान होना।
- टिकट बाबू के प्रति सहानुभूति प्रकट करना।

24. 'प्रदूषण-जैव मण्डल का अस्तित्व संकट में' इस विषय पर स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार करें।

- प्रदूषण-जल, वायु और मिट्टी।
- प्रदूषणजन्य रोग।
- कूड़े-कचरे से बयोगैस।
- जैव कृषि का महत्व।

---

(1)